पीआरआई-सीबीओ कन्वर्जेंस परियोजना का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

24 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान (SIRD) के संचालक पी.सी. मिश्रा ने छत्तीसगढ़ में पीआरआई-सीबीओ कन्वर्जेंस (Panchayati Raj Institutions-Community Based Organisation Convergence) परियोजना का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- परियोजना के तहत गाँवों में आजीविका के अवसर बढ़ाने और गरीबी कम करने के लिये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सामुदायिक संगठनों और ग्राम पंचायतों के अभिसरण (Convergence) से मिशन के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों को उद्यमशील बनाया जाएगा।
- पीआरआई-सीबीओ कन्वर्जेंस परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण गरीबी को कम करने और आजीविका के अवसर पैदा करने के लिये संकुल संगठन, ग्राम संगठन तथा स्वसहायता समूह जैसे स्थायी समुदाय आधारित संगठनों को बढ़ावा देकर ग्राम पंचायतें और स्वसहायता समूहों के संघ अभिसरण से काम करेंगी।
- इसके तहत समुदाय के भीतर सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिये स्थानीय सरकार और लाइन विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों और लाइन विभागों के साथ सीबीओ नेटवर्क भी बनाया जाएगा।
- यह परियोजना बस्तर ज़िले के बकावंड, बास्तानार, लोहंडीगुड़ा और तोकापाल विकासखंडों तथा रायपुर ज़िले के अभनपुर, आरंग, धरसीवा और तिल्दा विकासखंड के कुल 200 ग्राम पंचायतों में संचालित की जाएंगी।
- इसमें इन सभी विकासखंडों की 25-25 ग्राम पंचायतों के 'बिहान'के कुल 32 संकुल संगठनों और 640 ग्राम संगठनों सहित इनसे जुड़ी स्वसहायता समूह हिस्सेदारी करेंगी।
- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (CCO) श्रीमती एलिस लकड़ा ने कार्यशाला में बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं 'बिहान'के अंतर्गत गठित सामुदायिक संगठनों के बीच बेहतर सांमजस्य से गाँवों के विकास के लिये सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (SDG) के 17 संकेतकों का क्षेत्रीकरण कर उन्हें नौ थीमों में वर्गीकृत किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pri-cbo-convergence-project-launched